मेरा गुरु लागे मोय प्यारा भजन लिरिक्स

मेरा गुरु लागे मोय प्यारा,

दोहा – सुंदर सतगुरु वन्दिये,
वन्दन सोही योग,
औषध शब्द पिलाय के,
दूर किया सब रोग।
राम रुपया रोकड़ा,
खरच्या खूटे नाय,
सायब सरीखा सेठिया,
बसे नगर के माय।

मेरा गुरु लागे मोय प्यारा,
शब्द सुणावै भ्रम मिटावे,
करे जगत से न्यारा।bd।

परमार्थ ले जग में आया,
अलख खजाना लाया,
बाँट बाँट ने सब कोही खाया,
खाया लाया पाया,
मेरा गुरु लागे मोहे प्यारा।bd।

जोग जुगत री सोई विधि जाणे,
बात कछु नहीं छाने,
मन पवना उल्टा कर आणे,
आणे जाणे छाणे,
मेरा गुरु लागे मोहे प्यारा।bd।

पाँचो इंद्री वश कर राखे,
सुन्न सदा रस चाखे,
वाणी ब्रह्म सदा मुख भाखे,
भाखे राखे चाखे,
मेरा गुरु लागे मोहे प्यारा।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

परम् पुरुष प्रगटिया आदू,
शब्द सुणाया नादू,
सुंदर कहे मेरे सतगुरु दादू,
दादू आद अनादू,
मेरा गुरु लागे मोहे प्यारा।bd।

मेरा गुरु लागें मोय प्यारा,
शब्द सुणावै भ्रम मिटावे,
करे जगत से न्यारा।bd।

स्वर – संत भजनानंद जी।
प्रेषक – रामेश्वर लाल पँवार।
आकाशवाणी सिंगर।
9785126052

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com